एनआईसी National Informatics Centre

सत्यमेव जयते

## भारत सरकार

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

## राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला

## हिंदी समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन
## दिनांक: 17-फरवरी-2024

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

उक्त उद्देश्य से राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2023-24 की चतुर्थ तिमाही हिंदी कार्यशाला का आयोजन 01-जनवरी-2024 से 31-मार्च-2024 के दौरान दिनांक 17-फरवरी-2024 को राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य के समस्त जिला केंद्रों तथा अन्य कार्यालयों के समस्त अधिकारी व कर्मचारी वीडियो सम्मेलन के माध्यम से कार्यशाला की बैठक में उपस्थित हुए।




**श्री अजय सिंह चैहल जी, उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए**

हिंदी कार्यशाला के आयोजन की सूचना पूर्व में ही समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमेल के माध्यम से दे दी गयी थी।

सबसे पहले कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल जी एवं समिति के तीन सदस्यों श्री विनोद कुमार गर्ग, श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजय शर्मा ने भाग लिया। समिति की बैठक में राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी एवं यह पाया गया, कि राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक सुचारू रूप से किया जा रहा है।

## हिंदी कार्यशाला

एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन पूर्व निर्धारित समयानुसार कार्यालय के वीडियो सम्मलेन कक्ष में पूर्वाह्न् 11:00 बजे आरम्भ किया गया। जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया तथा जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। हिंदी कार्यशाला के आरंभ में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया एवं राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।




**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान अधीनस्थ कार्यालयों के समस्त अधिकारी व कर्मचारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए**

कार्यशाला के दौरान राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय ने सभी को अवगत करवाया, कि वर्ष 2023-24 के दौरान नराकास शिमला द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में “चित्र कहानी लेखन


प्रतियोगिता” में श्री संजय कुमार ठाकुर जी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है। नराकास शिमला द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में शिमला स्थित केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी गण भाग लेते हैं।

## राजभाषा हिंदी के माध्यम से ''हिमाचल प्रदेश के इतिहास'' विषय पर व्याख्यान

राजभाषा हिंदी कार्यशाला के दौरान श्री मंगल सिंह, वैज्ञानिक-डी एवं संयुक्त निदेशक (आई.टी.) द्वारा ''हिमाचल प्रदेश के इतिहास'' विषय पर प्रस्तुति दी गयी। जिसमें उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य के इतिहास के बारे में प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार हिमाचल प्रदेश के जिलों का गठन किया गया, कई बार जिलों का विलय हुआ और कई बार इन्हें नए जिले बनाने के लिए पृथक किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि पहले हिमाचल प्रदेश एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में हमारे देश का हिस्सा हुआ करता था, तथा 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया, जिस स्वरूप में आज हम हिमाचल प्रदेश को देख पा रहे हैं।




हिंदी कार्यशाला के दौरान व्याख्यान देते हुए श्री मंगल सिंह जी




कार्यशाला के दौरान श्री मंगल सिंह जी के व्याख्यान की प्रस्तुति

उक्त व्याख्यान के प्रस्तुतिकरण ने सभी प्रतिभागियों को हिमाचल प्रदेश राज्य के इतिहास के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर और अधिक जागरूक किया। व्याख्यान की कड़ी के सम्बन्ध में श्री बिजेंद्र डोगरा जी आगामी कार्यशाला के दौरान अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

## मोबाइल ऐप पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

इसके पश्चात् कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश द्वारा बनाए गए 'हिंदी-बोध' मोबाइल ऐप के माध्यम से दो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी के सामान्य प्रश्नों के साथ-साथ व्याख्यान में दी गयी जानकारी पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रथम प्रतियोगिता में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए जिसमें 29 अधिकारियों ने भाग लिया, जबकि द्वितीय प्रतियोगिता में 12 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे जिसमें 28 अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

मोबाइल एप्लिकेशन में नवीनतम अद्यतन में किसी प्रश्न को चुनौती देने की क्षमता को डाला गया है, जहां उपयोगकर्ता अपना संदेह व्यक्त कर सकते हैं या किसी प्रश्न की वैधता या सटीकता को चुनौती देकर उसका स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। इस बार एक प्रतिभागी द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से 01 प्रश्न को चुनौती दी गई। हिंदी बोध ऐप एडमिन ने उनकी चुनौती स्वीकार कर, क्विज़ प्रतियोगिता का परिणाम तुरंत और गतिशील रूप से ऑनलाइन अपडेट कर दिया।

### प्रथम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | श्री अजय सिंह चहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, वैज्ञानिक-जी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| द्वितीय | कु. अंकिता मिश्रा | वैज्ञानिक-बी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| तृतीय | श्री विनोद कुमार गर्ग | वैज्ञानिक-एफ | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, जिला केंद्र हमीरपुर |

### द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | श्री मंगल सिंह | वैज्ञानिक-डी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र सीजीओ कॉम्प्लेक्स |
| द्वितीय | श्री संदीप कुमार | वैज्ञानिक-ई | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र सीजीओ कॉम्प्लेक्स |
| तृतीय | श्री दलजीत सिंह राणा | वैज्ञानिक-ई | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के पश्चात् राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय ने "हिंदी-बोध" मोबाइल ऐप में नए अद्यतनों के लिए बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों से उनके सुझाव मांगे एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐप को और अधिक कारगर तथा तकनीकी रूप से अद्यतन बनाया जाए।

## हिंदी संगोष्ठी

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के दौरान हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल जी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने राजभाषा के विषय में अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं एवं अन्य गतिविधियां जारी रहनी चाहिए। संगोष्ठी के दौरान राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों ने हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने और इसे अधिक सशक्त बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे, जोकि भविष्य में राजभाषा हिंदी कार्यशाला व संगोष्ठी को अधिक कारगर और रोचक बनाने में मदद करेंगे।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिनभर जारी रहा, एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय में राजभाषा हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग हेतु अपने-अपने विचार रखे एवं अपने-अपने अनुभवों को साझा किया, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहे।

## दिनांक 17-02-2024 को हिंदी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी:

| राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अजय सिंह चहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, वैज्ञानिक-जी |
| 2 | श्री ललित कपूर | वैज्ञानिक-एफ |
| 3 | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-एफ |
| 4 | श्री संजय शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |
| 5 | श्री विजय कुमार गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ |
| 6 | श्री विमल कुमार शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |
| 7 | श्री दलजीत सिंह राणा | वैज्ञानिक-ई |
| 8 | श्री संजय ठाकुर | वैज्ञानिक-ई |
| 9 | श्री आशीष शर्मा | वैज्ञानिक-डी |
| 10 | श्री मंगल सिंह | वैज्ञानिक-डी |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | श्री सर्वजीत कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 12 | श्री मुकेश कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 13 | श्री पृथ्वी राज | वैज्ञानिक-सी |
| 14 | कु. अंकिता मिश्रा | वैज्ञानिक-बी |
| 15 | श्री रामनारायण यादव | वैज्ञानिक-बी |
| 16 | श्री शंकर लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 17 | श्री हमेन्दर लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 18 | श्री हिमांशु गुप्ता | स्टेनोग्राफर ग्रेड-III |
| **हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय** | | |
| 19 | श्री मति मोनिका | वैज्ञानिक-बी |
| **जिला केंद्र, बिलासपुर** | | |
| 20 | श्री राकेश कुमार | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी |
| **जिला केंद्र, हमीरपुर** | | |
| 21 | श्री विनोद कुमार गर्ग | वैज्ञानिक-एफ |
| 22 | श्री अनुराग गुप्ता | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, कांगड़ा** | | |
| 23 | श्री भुपिंदर पाठक | वैज्ञानिक-एफ |
| 24 | श्री अक्षय मेहता | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, किन्नौर** | | |
| 25 | श्री बलवान सिंह | वैज्ञानिक-डी |
| **जिला केंद्र, कुल्लू** | | |
| 26 | श्री ब्रिजेंदर कुमार डोगरा | वैज्ञानिक-ई |
| 27 | श्री संजय गुप्ता | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, लाहौल-स्फीति** | | |
| 28 | श्री जगदीप | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए |
| **जिला केंद्र, मंडी** | | |
| 29 | श्री अश्विनी कुमार | वैज्ञानिक-ई |

| | | |
|---|---|---|
| **जिला केंद्र, शिमला** | | |
| 30 | श्री पंकज गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ |
| 31 | श्री दीपक कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| **जिला केंद्र, सिरमौर** | | |
| 32 | श्री विजय कुमार | वैज्ञानिक-ई |
| 33 | श्री मोहन राकेश अग्रवाल | वैज्ञानिक-डी |
| **जिला केंद्र, सोलन** | | |
| 34 | श्री संजीव कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| **जिला केंद्र, ऊना** | | |
| 35 | श्री भुपिंदर सिंह | वैज्ञानिक-डी |